Adda247
GET IT ON Google Play

# UP (Ro/Aro) 2014 General Hindi (Prelims)

## [Series - D :: Code - EUNX - II]

1. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
   (a) मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान है।
   (b) मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान स्थित है।
   (c) मेरे घर के पास एक हलवाइयों की दुकान है।
   (d) मेरे घर के पास हलवाई की एक दुकान है।
2. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
   (a) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
   (b) भगवान श्रीकृष्ण के अनेकों नाम का उल्लेख मिलता है।
   (c) श्रीकृष्ण को अनेकों नामों से पुकारा जाता है।
   (d) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
3. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
   (a) देखो! फूलों पर भौंरे भिनभिना रहे हैं।
   (b) देखो! फूलों पर भौंरे गुंजार कर रहे हैं।
   (c) देखो! फूलों के ऊपर भौंरे गुंजारते हैं।
   (d) देखो! फूलों के ऊपर भौंरे भिनभिना रहे हैं।
4. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
   (a) उसकी शंका का निवारण हो गया है।
   (b) उसकी शंका समाप्त हो गयी है।
   (c) उसकी शंका का समाधान हो गया है।
   (d) उन्हें अब शंका नहीं रही है।
5. शुद्ध 'संयुक्त वाक्य' का उदाहरण है
   (a) मैं परीक्षा देने के लिए इलाहाबाद जा रहा हूँ।
   (b) मुझे परीक्षा देनी है, अत: दिल्ली जा रहा हूँ।
   (c) मुझे परीक्षा देनी है और मैं गोरखपुर जा रहा हूँ।
   (d) मैं वाराणसी जा रहा हूँ क्योंकि मुझे परीक्षा देनी है।
6. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
   (a) कलेष (b) क्लेष
   (c) क्लेश (d) क्लेस
7. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
   (a) श्रृंगार (b) श्रंगार
   (c) शृंगार (d) सृंगार
8. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
   (a) उज्जवल (b) उज्ज्वल
   (c) उत्ज्वल (d) उत्जवल
9. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
   (a) हिरण्यकश्यपु (b) हिरण्यकशिपु
   (c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप
10. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
   (a) कवयित्री (b) कवित्री
   (c) कवियित्री (d) कवियत्री
11. 'कनिष्ठिका और मध्यमा के बीच की अँगुली' को कहते हैं
   (a) अनामी (b) अनिमिका
   (c) अनामीका (d) अनामिका
12. 'जिसके पेट में माँ ने रस्सी (दाम) बाँध दी हो', उसे कहते हैं
   (a) दामाद (b) दामाद इतर
   (c) दाम (d) दामोदर
13. 'पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
   (a) अनुचर (b) अनुगामी
   (c) अनुवर्ती (d) अनुगमनीय
14. 'जिसकी कोई कीमत न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
   (a) कीमती (b) अमूल्य
   (c) बहुमूल्य
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
15. 'थोड़ा नपा-तुला भोजन करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है
   (a) मितव्ययी (b) मितव्यय
   (c) मिताहारी (d) मितहारीन
16. 'गुरु के समीप रहकर अध्ययन करने वाला' के लिए एक शब्द है
   (a) शिष्य (b) आश्रमवासी
   (c) विद्यार्थी (d) अन्तेवासी
17. 'जिसके हृदय पर आघात हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा।
   (a) मर्माहित (b) मर्माहत
   (c) मर्माहुत (d) मर्माहूत
18. 'जो अपने पद से हटाया गया हो' के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा
   (a) पदभ्रष्ट (b) पदानवत
   (c) पदानुगत (d) पदच्युत

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+**
**Mock Tests**

**Personalised Report Card**

**Unlimited Re-Attempt**

**600+**
**Exam Covered**

**Previous Year Papers**

**500%**
**Refund**

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

19. 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा
(a) नि:स्पृहा (b) नि:स्पृह
(c) निस्पृह (d) निस्पृहीन

20. 'जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा
(a) प्रत्याशित (b) अप्रत्यासित
(c) अप्रत्याषित (d) अप्रत्याशित

21. 'मक्खी' शब्द का तत्सम रूप है
(a) मच्छिका (b) माछी
(c) मच्छी (d) मक्षिका

22. 'हल्दी' शब्द का तत्सम रूप है
(a) हरद्रिका (b) हरीद्रा
(c) हरिद्रा (d) हलिद्रा

23. 'हुलास' शब्द का तत्सम रूप है
(a) हिलास (b) विलास
(c) हास्य (d) उल्लास

24. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है
(a) नारिकेल (b) नारिकेलि
(c) नारीकेल (d) नारिकेला

25. 'सींग' शब्द का तत्सम रूप है
(a) श्रृंग (b) शिंग
(c) शृंग (d) सिंग

26. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्‌भव **नहीं** है?
(a) दुआर (b) सायं
(c) गिरिस्ती (d) पाँव

27. 'एकल' शब्द का तद्‌भव रूप है
(a) अकल (b) अकिल
(c) अकेला
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. 'कर्पट' शब्द का तद्‌भव रूप है
(a) कटरना (b) कपाट
(c) कपड़ा (d) कपट

29. 'कैवर्त्त' शब्द का तद्‌भव रूप है
(a) मल्लाह (b) केवट
(c) नाविक (d) केवल

30. 'गृध्र' शब्द का तद्‌भव रूप है
(a) गीधना (b) गृध
(c) गीधी (d) गीध

31. 'धुँधला' शब्द में विशेषण है
(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. 'सरीखा' शब्द में विशेषण है
(a) गणनावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) समुदायवाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

33. "वह नौकर नहीं आया।" वाक्य में 'वह' कौन-सा विशेषण है?
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) परिमाणबोधक विशेषण

34. 'तीसरा' शब्द में विशेषण है
(a) पूर्णांकबोधक विशेषण
(b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण
(d) क्रमवाचक विशेषण

35. 'चौथाई' शब्द में विशेषण है
(a) आवृत्तिवाचक विशेषण
(b) गणनावाचक विशेषण
(c) क्रमवाचक विशेषण
(d) अपूर्णांकबोधक विशेषण

36. विशेषण जिस संज्ञा की विशेषता बताता है, उसे क्या कहते हैं?
(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) विशेष्य (d) सार्वनामिक विशेषण

37. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?
(a) आसीन (b) अग्रि
(c) मधुर (d) कर्मठ

38. "ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है।" इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेष्य है?
(a) ठण्डा
(b) ठण्ड
(c) पानी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?
(a) अनासक्ति (b) अनासक्त
(c) अनुशंसित (d) अपमानित

40. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?
(a) पौष्टिक (b) पाठकीय
(c) भावुक (d) विषाद

41. कौन-सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) बाजि (b) तुरंग
(c) शार्दूल (d) हय

42. 'मीनाक्षी' का पर्यायवाची शब्द है
(a) सुन्दरी (b) दुर्गा
(c) मछली (d) लक्ष्मी

43. कौन-सा शब्द 'नाग' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) सर्प (b) अहि
(c) विषधर (d) तुरंग

44. कौन-सा शब्द 'दैत्य' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) राक्षस (b) दानव
(c) भूसुर (d) निशाचर

45. 'रुख' का पर्यायवाची शब्द है
(a) विटप (b) प्रसून
(c) तड़का (d) हेरम्ब

46. कौन-सा शब्द 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) कमलासन (b) चतुरानन
(c) चतुर्मुख (d) चतुर्भुज

47. कौन-सा शब्द 'भ्रमर' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) शलभ (b) चंचरीक
(c) शिलीमुख (d) मिलिन्द

48. कौन-सा शब्द 'इन्द्र' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) पुरंदर (b) शक्र
(c) मघवा (d) गणाधिप

49. 'हिरण्यगर्भ' का पर्यायवाची शब्द है
(a) विष्णु (b) ब्रह्मा
(c) महेश (d) गणेश

50. कौन-सा शब्द 'दास' का पर्यायवाची **नहीं** है?
(a) अनुचर (b) परिकर
(c) भृत्य (d) सेवक

51. 'जंगम' का विलोम शब्द है
(a) अगम (b) दुर्गम
(c) स्थावर (d) चंचल

52. 'सृष्टि' का विलोम शब्द है
(a) विसृष्टि (b) प्रलय
(c) व्यष्टि (d) समष्टि

53. 'ईप्सित' का विलोम शब्द है
(a) अभिप्सित (b) अनीप्सित
(c) परोप्सित (d) सुनीप्सित

54. 'साहचर्य' का विलोम शब्द है
(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव

55. 'विराट्' का विलोम शब्द है
(a) वृहद् (b) वृहत्
(c) छोटापन (d) क्षुद्र

56. 'स्पृश्य' का विलोम शब्द है
(a) स्पृस्य (b) अस्पृस्य
(c) अश्पृष्य (d) अस्पृश्य

57. 'अज्ञ' का विलोम शब्द है
(a) विज्ञ (b) यज्ञ
(c) सर्वज्ञ (d) अनज्ञ

58. 'गौरव' का विलोम शब्द है
(a) लाघव (b) लघुत्व
(c) लघुता (d) लघुतम

59. 'बहिरंग' का विलोम शब्द है
(a) सर्वाङ्ग (b) अंतरंग
(c) चतुरंग (d) अभ्यंग्ङ

60. 'ग्रस्त' का विलोम शब्द है
(a) सुप्त (b) ग्राह्य
(c) मुक्त (d) लुप्त